हिन्दुस्तान
बुधवार, 22 जून 2022
02
www.livehindustan.com

# जिलास्तरीय यूथ रेडक्रॉस शिविर शुरू

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज में मंगलवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा शाखा चंडीगढ़ और जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के सौजन्य से पांच दिवसीय जिलास्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि एसडीएम त्रिलोक चंद थे। एसडीएम ने स्वयंसेवकों को मानवता की परिभाषा बताते हुए कहा कि जब कोई प्राणी दुख में दिखे और हमारा ह्रदय में मदद का भाव आए यही मानवता है।